एक नजर में

कलेक्टर ऑफिस में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन

रतलाम। महीने के प्रथम कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय के शासकीय सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सहभागिता की।

9 से तक चलेगा भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान

रतलाम। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे भारतीय जनता पार्टी प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान चलायेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जिले मे अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टोली का गठन किया है। टोली का संयोजक जिला महामंत्री महेश सोनी को बनाया गया है। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान 09 से 15 अगस्त तक चलेगा। इसमे तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। अभियान की जिला टोली मे संयोजक श्री सोनी के साथ सह-संयोजक के रूप मे जिला मंत्री अशोक पंड्या, अनुज शर्मा एवं जिला सह कार्यालय मंत्री अखिलेश सिंह को शामिल किया गया है।

आंगनवाड़ी केंद्र सासर में दस्तक अभियान चलाया

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र सासर पर दस्तक अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष आयु समूह के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ज्योति पाटीदार, आशा कार्यकर्ता बीजुडी हटीला तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कविता हटीला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान 5 वर्ष तक की आयु समूह के बच्चों में कुपोषण की जांच, आयरन फोलिक एसिड का अनुपूरण, विटामिन ए घोल का अनुपूरण, दस्त रोग से बचाव हेतु ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां प्रदान की गई।

मित्रता दिवस पर की गई काव्य गोष्ठी

रतलाम। नगर की साहित्यिक संस्था द्वारा मित्रता दिवस के उपलक्ष्य पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सिद्धीक रतलामी ने कहा कि अनुभूति संस्था साहित्य के क्षेत्र में विगत 50 वर्षो से बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित करती है। यही जिले में संस्था की साहित्यिक पहचान है । काव्य गोष्ठी में प्रणयेश जैन, दिनेश कुमार जैन, हरिशंकर भटनागर, अब्दुल सलाम खोकर, डॉ. मोहन परमार, शिवराज जोशी, रामचन्द्र फुहार, दिलीप कुमार जोशी, सुरेश माथुर, मोडीराम सोलंकी, निसार पठान रम्भापुरी, श्यामसुंदर भाटी, प्रकाश हेमावत, जवेरीलाल गोयल, जगदीश सोनी आदि ने मित्रता दिवस श्रावण माह एवं समसामायिक विषयों पर उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. मोहन परमार व संरक्षक दिनेश कुमार जैन अनुभूति संस्था द्वारा दिनांक 6-9-2026 को आगामी अष्टम पावस काव्य समारोह आयोजित करने की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग करने की अपेक्षा की है। संचालन कैलाश वशिष्ठ एवं आभार मुकेश सोनी ने प्रकट किया।

रमलाम में अब तक 358.50 मिमी बारिश

रतलाम। जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 358 .50 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में रतलाम जिले में 3 .0 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में आलोट में 0 .00 मि.मी., जावरा में 0 .00 मि.मी., ताल में 1.0 मि.मी., पिपलोदा मे 4 .0 मि.मी., बाजना में 2 .0 मि.मी., रतलाम में 5 .0 मि.मी., रावटी में 7 .0 मि.मी. एवं सैलाना में 5 .0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र आलोट में 386 .0 मि.मी., जावरा में 380 .0 मि.मी., ताल में 274 .0 मि.मी., पिपलोदा में 399 .0 मि.मी., बाजना में 242 .0 मि.मी., रतलाम में 520 .0 मि.मी., रावटी में 314 .0 मि.मी. एवं सैलाना में 353 .0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

पहले सावन सोमवार पर शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव का जयघोष

- जलाभिषेक के लिए दिनभर लगी कतारें
- सिद्धेश्वर से निकली कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत

नव भारत न्यूज

रतलाम। सावन के पहले सोमवार ने रतलाम को पूरी तरह शिवमय बना दिया। शहर की रफ्तार जहां सामान्य दिनों में सड़कों पर दिखाई देती है, वहीं सोमवार को वह शिवालयों की चौखट पर नजर आई। सुबह सूर्योदय से पहले ही प्रमुख मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। हाथों में जल कलश, बिल्वपत्र और पूजन सामग्री लिए हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। पूरा शहर दिनभर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के उद्घोष से गूंजता रहा। शहर के प्राचीन श्री गढ़ कैलाश महादेव मंदिर में सुबह से देर रात तक दर्शनार्थियों का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के साथ बिल्वपत्र अर्पित किए।

इसके अलावा श्री काशी विश्वनाथ महादेव, श्री मनकामनेश्वर महादेव, श्री अमरेश्वर महादेव, श्री महाकाल महादेव, श्री बिल्केश्वर महादेव और श्री टेकेश्वर महादेव सहित सभी प्रमुख शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

कावड़ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत: ब्राह्मणों का वास स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से सावन के पहले सोमवार पर पारंपरिक कावड़ यात्रा निकाली गई। सोनू यादव मित्र मंडल के तत्वावधान में निकली यात्रा का शहरभर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बैंड, ढोल-ताशों, झांझ-मंजीरों और आकर्षक शिव झांकियों के बीच कावड़िए 'जय बोल बम' के उद्घोष के साथ आगे बढ़े। यात्रा बिलपांक स्थित विरुपाक्ष महादेव मंदिर पहुंचकर पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करेगी।

7 अगस्त से निकलेगी निष्ठा कावड़ यात्रा

श्रावण मास में भगवान महाकाल के जलाभिषेक के लिए रतलाम से भव्य 'निष्ठा कावड़ यात्रा-2026' का शुभारंभ 7 अगस्त को सुबह 8 बजे काटजू नगर स्थित आमलिया भैरूजी मंदिर से महाआरती के साथ होगा। चौथे वर्ष आयोजित हो रही इस यात्रा में श्रद्धालु पवित्र माही नदी का जल लेकर पैदल उज्जैन पहुंचेंगे और 10 अगस्त को श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल का विधि-विधान से जलाभिषेक करेंगे। यात्रा का आयोजन संयोजक वैभव जाट (सन्नी पहलवान) एवं जवाहर व्यायामशाला अम्बर परिवार के नेतृत्व में किया जा रहा है। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए उज्जैन पहुंचेगी, जहां महाकाल के पवित्र जलाभिषेक के साथ इसका समापन होगा।

स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियां समय पर करें पूर्ण : कलेक्टर

रतलाम। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। जिन अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, वे उनका गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर मिशा सिंह ने सोमवार को आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों की बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत ने विभिन्न विभागों को सौंपे जाने वाले दायित्वों की जानकारी देते हुए तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह के लिए परेड का पूर्वाभ्यास शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा तथा 13 अगस्त को कलेक्टर पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करेंगी।

कलेक्टर मिशा सिंह ने वर्षा की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था की जाए तथा आयोजन स्थल का पूर्व निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति का आकलन करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

बैठक में मुख्य समारोह के लिए मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, मैदान का समतलीकरण, बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम संचालन, अतिथियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों के लिए बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

स्पीड में वाहन चलाने पर तीन की मौत

रतलाम। जिले में सड़क हादसों ने एक ही रात में तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। माणकचौक थाना पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 9.30 बजे करमदी रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे में 23 वर्षीय केशव पिता नूतन परिहार निवासी जूनी कलाल सेरी तथा 20 वर्षीय मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद राजा बागवान निवासी लक्ष्मी नगर की मौत हो गई। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां रात करीब 11.20 बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में दोनों की मौत सड़क दुर्घटना में होना सामने आया है। वहीं जिले के रिंगनोद थाना क्षेत्र में महू-नीमच मार्ग पर बरखेड़ी फंटा (ढोढर) के पास एक अन्य दर्दनाक हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार 1 अगस्त की शाम करीब 5.30 बजे तेज गति से आ रहे वाहन क्रमांक आरजे 09 जीडी 3698 ने बाबूलाल पिता रणछोड़ मालावत (55) निवासी सोहनगढ़ को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाबूलाल की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक ही रात में जिले में तीन लोगों की मौत ने फिर सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कूडेल नदी में बालक की डूबने से मौत

नव भारत न्यूज

रतलाम। जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 9 वर्षीय बालक की कूडेल नदी में डूबने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार 1 अगस्त को शाम करीब 5.30 बजे शिवपुर स्थित कूडेल नदी में संतोष पिता सुरेश राठौर (9) निवासी शिवपुर की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बालक को बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई की। मामले की सूचना आरक्षक शिवनारायण खटीक द्वारा दी गई। पुलिस ने 1 अगस्त की रात करीब 8 बजे मर्ग कायम कर शव का पंचनामा और अन्य कानूनी कार्रवाई पूरी की। मामले की जांच बिलपांक थाने के सउनि अजय रावत कर रहे हैं। बरसात के मौसम में नदियों और तालाबों का जलस्तर लगातार बढ़ा हुआ है। ऐसे में प्रशासन और पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को नदी-नालों और गहरे जलाशयों के आसपास अकेले न जाने दें।

ब्राह्मण का सम्मान पृथ्वी ही नहीं, यमलोक और विष्णुलोक में भी...

- दिव्य चातुर्मास महोत्सव में स्वामी विशोकानंदजी भारती ने कहा

नव भारत न्यूज

रतलाम। हमारे शास्त्रों में ब्राह्मण का सर्वोच्च सम्मान बताया गया है। ब्राह्मण का सम्मान केवल पृथ्वी पर ही नहीं, बल्कि यमलोक और विष्णुलोक में भी होता है। भगवान विष्णु और महर्षि भृगु के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने महर्षि के चरणचिह्न को वक्षस्थल पर सम्मानपूर्वक धारण किया। यह ब्राह्मणत्व के प्रति आदर का प्रतीक है।

उक्त बात श्री अखंड ज्ञान आश्रम में चल रहे दिव्य चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को निर्वाणी अखाड़ा पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी श्री श्री 1008 विशोकानंद भारती जी महाराज ने कठोपनिषद प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में ब्राह्मणों का सम्मान होना चाहिए। जिस घर में वेदों की ध्वनि नहीं गूंजती, स्वाहा-स्वधा तथा स्वाध्याय का वातावरण नहीं होता, वह घर श्मशान के समान हो जाता है। सनातनी और आदर्श गृहस्थ वही है जिसके घर में प्रतिदिन पंचमहायज्ञों का पालन होता है। आरती से पूर्व स्वामी श्री का स्वागत एवं अभिनंदन राजपूत नवयुवक मंडल न्यास एवं महिला मंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोयल, किशोर सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह चावड़ा, भारत सिंह पवार, नरेंद्र सिंह चौहान, महेंद्र सिंह सिसोदिया, नरेंद्र सिंह सोलंकी, जोगेंद्र सिंह सिसोदिया, मनोहर सिंह चौहान, रघुवीर सिंह सांखला, दिलीप सिंह सोनगरा सहित अखंड ज्ञान आश्रम के संतगण, महिला-पुरुष श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

गांव-गांव पहुंचेगा जनविश्वास... समस्याओं का होगा मौके पर समाधान

- शिविर की सूचना एक सप्ताह पहले देने और पूर्व तैयारी के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस महत्वाकांक्षी अभियान को जिले में शत-प्रतिशत सफलता के साथ आयोजित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत एक माह की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा प्रत्येक शिविर की सूचना संबंधित क्षेत्र में कम से कम एक सप्ताह पहले उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ ले सकें।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिविरों के पूर्व आवश्यक होमवर्क पूरा रखें, आवेदनों के लिए मानक प्रारूप तैयार करें तथा प्राप्त आवेदनों का श्रेणीवार संधारण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए सामूहिक वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाए तथा अधिकारी शिविर से पहले क्षेत्र का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण करें।

बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शिविर आयोजन से पूर्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों से संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और छोटे-छोटे मुद्दों का भी समय रहते समाधान करें। उन्होंने कहा कि यह शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर के दौरान प्राप्त समस्याओं का अधिकतम निराकरण मौके पर ही किया जाए। शिविरों में स्थल निरीक्षण, संक्षिप्त समीक्षा बैठक, जनसंवाद तथा उद्यम संवाद का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे विभिन्न वर्गों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। इसलिए सभी अधिकारी आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखें और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करें। व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिक शिविरों का लाभ उठा सकें।अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले उद्यम संवाद का समन्वय महाप्रबंधक, उद्योग विभाग द्वारा किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम करिया में किया पौधारोपण

सैलाना। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सैलाना के ग्राम करिया में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी परिसर में कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े की उपस्थिति में पौधारोपण का कार्य किया गया।

पौधों की सुरक्षा एवं उसे हरा भरा कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला जल सलाहकार आनंद व्यास ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी टंकी परिसरों में पौधे लगाए जाएंगे पेड़ जल संरक्षण, स्वच्छ वातावरण में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। श्री व्यास ने बताया ग्राम करिया टंकी परिसर पर जामुन, आंवला, करंज, शीशम, गुलमोहर के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सैलाना की सहायक यंत्री श्रीमती बिंदिया चौहान, पंचायत सचिव मोतीलाल भाबर उप सरपंच देवीलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच हीरालाल निनामा, नल चालक इंदू निनामा, हैंडपंप टेक्नीशियन गोवर्धन बिलवाल, शिक्षक मुकेश निनामा आदि उपस्थित थे।

एक नजर में — जागनाथ महादेव के साथ ही सभी शिवालय भक्तों से पटे रहे

सावन के पहले सोमवार पर सजा भोले का दरबार, भव्य श्रृंगार भी

नवभारत न्यूज

जावरा। मास सावन के पहले सोमवार की नगर भर में धूम रही, शहर के मुख्य शिवालय श्री जागनाथ महादेव के साथ ही सभी शिवालय भक्तों से पटे रहे, ब्रह्म मुर्हूत से लेकर भक्तों की कतारे शिवालयों के बाहर देखने को मिली। सुबह जलाभिषेक के साथ ही भोलेनाथ के दर्शनों के लिए भक्त मंदिरों पर जुटने लगे। सुबह से लेकर दोपहर तक अभिषेक हुए, शाम को सभी शिवालयों पर भोले का आकर्षक श्रृंगार किया गया। चैहल्लुम के बीच सावन माह के प्रथम सोमवार को सुरक्षा की दृष्टि से अनुविभागीय अधिकारी रचना शर्मा ने जागनाथ महादेव के साथ ही अन्य शिवालयों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूरे शहर के साथ ही शिवालयों के बाहर पुलिस बल भी तैनात रहा।

250 साल पुराने श्री जागनाथ महादेव का भांग ओर मावे से तिरूपति बालाजी के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसी प्रकार श्री मंशापुरण हनुमान मंदिर पर भी भोलेनाथ का गणेश जी के रूप में भांग और मावे से श्रृंगार किया गया। पीपलीबाजार स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर मावे से गणेश जी का आकर्षक श्रृंगार किया। राठौर समाज ने श्री सत्यनारायण मंदिर लालागली पर मनकामेश्वर महादेव का रुई से श्रृंगार किया। रात्रि 8 बजे आरती महा आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। उक्त जानकारी राठौर समाज के सचिव पवन परमार मामा ने दी। इधर चौपाटी बस स्टेण्ड स्थित श्रीपंच मुखी बालाजी मंदिर पर बिराजीत भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार सेंचुरी ग्रुप द्वारा किया गया।

चांदी के वर्क से किया बाबा बर्फानी का आकर्षक श्रृंगार

स्थानीय खारीवाल कॉलोनी में स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा का श्रावण मास के पहले सोमवार को मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस पावन दिवस पर सनातनियों के आराध्य भगवान महादेव की प्रतिमा को चांदी के वर्क से सुसज्जित किया गया। साथ ही रुई से उनका आकर्षक स्वरूप बनाया गया। जिसे देख श्रद्धालु काफी हर्षित नजर आए। बाबा त्रिकाल के ललाट पर तिलक के साथ त्रिनेत्र की बनावट मन को मोहने वाली रही। महादेव की मूर्ति के आसपास और मंदिर के चारोंओर फूलों की भव्य सजावट की गई। इस दौरान आकर्षक और रंग बिरंगी लाइट लगाई गई। विद्युत इस अवसर पर संध्या 7 .30 बजे रामेश्वर महादेव मंदिर पर ढोल मजीरे व गाजे बाजे के साथ महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व धर्मालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ लिया। महाआरती के पश्चात भक्तों को रामेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा प्रसदी वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कानसिंह चौहान, महेश दुबे, मोहनदास बैरागी, धीरज शर्मा, आरपी शर्मा, सोमेन्द्रसिंह सिसोदिया, रवि दुग्गड़, विपिन बरैया, रामसेवक शर्मा, दिलीप कछाँवा,केएन कुमावत सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू

- फार्मर रजिस्ट्री और आपदा सर्वे समेत कई राजस्व शासकीय कार्य होंगे प्रभावित

जावरा। मध्यप्रदेश पटवारी संघ (भोपाल) के प्रदेशव्यापी आह्वान पर अपनी वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों के समर्थन में आलोट तहसील के समस्त पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। चरणबद्ध आंदोलन के अंतिम चरण के तहत आलोट के पटवारियों ने अपने समस्त राजस्व अभिलेख (बस्ते) तहसील कार्यालय में जमा करा दिए और पूर्ण रूप से काम बंद (कलमबंद) कर दिया। हड़ताल के दौरान पटवारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया।

ये हैं मुख्य मांगें: लंबे समय से चली आ रही वेतन व ग्रेड पे की विषमताओं का स्थायी समाधान। संवर्ग के लिए न्यायसंगत पदोन्नति नीति लागू करना। कार्य के बढ़ते दायरे और दबाव के अनुरूप आवश्यक व न्यायसंगत सुविधाएं प्रदान करना।

इन शासकीय कार्यों पर पड़ेगा सीधा असर: संघ ने ध्यान दिलाया कि पटवारी जमीनी स्तर पर राजस्व कार्यों के अलावा कई महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मुख्य भूमिका निभाते हैं। हड़ताल के कारण कार्य प्रभावित होने की आशंका है। जिसमें फार्मर रजिस्ट्री एवं स्वामित्व योजना, प्राकृतिक आपदा सर्वे और क्षतिपूर्ति कार्य, चुनाव और कानून-व्यवस्था से जुड़े दायित्व नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा व विभिन्न प्रमाण-पत्रों का सत्यापन आदी कार्यों पर सीधा असर पड़ेगा। तहसील के बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर मांगों के पूरा होने तक आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।